JKLU

MEDIA COVERAGE ON JKLU, Vishesh Garima, Jaipur, 31 Aug. 2025

सीखने की कला को सीखना महत्वपूर्ण- प्रो. विजयशेखर चेल्लबोयिना

विशेष गरिमा

जयपुर । आपके फंडामेंटल क्लियर होने चाहिए, फिर चाहे किसी भी स्तर के एडवांसमेंट हो आप बेहतर ही परफॉर्म करेंगे। ये बात कही जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के नवनियुक्त वाइस चांसलर प्रो. विजयशेखर चेल्लबोयिना ने, वे पत्रकारों से नए सेशन की शुरूआत के अवसर पर इंटरेक्टिव सेशन में बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एआई व चेट जीपीटी जैसे नवाचार टूल्स नियमित आते रहेंगे, इनसे अपडेट रहते हुए हमें सीखने की कला को सीखना होगा साथ ही बेसिक्स सदाबहार रहते हैं, इन पर भी फोकस करना होगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रश्नों के जवाब भी प्रो. विजयशेखर ने दिए एवं स्टूडेंट्स के लिए बेहतर करने का लक्ष्य बताया।

इंटरडिसीप्लीनरी कोर्स पर फोकस

उन्होंने आने वाले समय में यूनिवर्सिटी में नए इंटरडिसीप्लीनरी एडवांस कोर्स शुरू करने की बात कही। अपनी प्रायिकताओं पर बोलते प्रो. ने यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के पढ़ाई का सबसे बेहतर माहौल तैयार करने के साथ ही इंटरडिसीप्लीनरी कोर्स पर फोकस किए जाने की बात कही।

परिवर्तन के दौर में स्टूडेंट्स

प्रो. विजयशेखर ने बताया कि बदलते दौर में पढ़ाई को स्टूडेंट्स के लिए इंटरेस्टिंग बनाना, उनमें अलग नजरिए से सोचने की क्षमता पैदा करना और प्रोब्लम सॉल्वर की भूमिका में लाने की ओर काम किया जाएगा। सस्टेबिनिलिटी की ओर कार्य करना उनके प्राथमिक लक्ष्यों में से एक होगा।

एआईसी से विभिन्न कोर्सेज को इंटीग्रेट करेंगे

प्रो. विजयशेखर ने बताया कि संस्थान में चलने वाला अटल इन्क्यूबेशन सेंटर प्रदेश के टॉप इन्क्यूबेशन सेंटर्स में से एक है। ऐसे में यूनिवर्सिटी के विभिन्न कोर्सेज से इन्हें इंटीग्रेड करते हुए स्टूडेंट्स को एक्सप्लोर करने पर भी ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान के वर्तमान में उपलब्ध टाई-अप्स के साथ ही कई अन्य बडे टाईअप्स पर भी काम शुरू किया जा चुका है ताकि गुणवत्तापूर्ण बेहतर शिक्षा मिल सके।